तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 28 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

8
ट्रेलर की टक्कर से दो छात्रा घायल, लोगों ने चालक को पकड़ किया पुलिस के सुपुर्द




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 29 को

**अंबिकापुर।** जिला पंचायत सरगुजा की सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक 29 जनवरी को आयोजित की गई है। यह बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिले के विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं की समीक्षा और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक की महत्ता को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व संबंधित सदस्यों, विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर की टक्कर व ट्रक के पीछे टकरा जाने की घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम घुटरापारा निवासी नितिन भगत आ. सुरेश भगत (19 वर्ष) सोमवार को गणतंत्र दिवस में झंडा फहराने की बात कहकर बाइक से निकला था। जैसे ही बाइक सवार चेंद्रा ढाबा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में बलौदा बाजार अंतर्गत सिमगा खेरवत निवासी शिव कुमार चतुर्वेदी (40 वर्ष) 25 जनवरी को ट्रक में सामान लोड कर पुत्र विक्की के साथ बिहार पहुंचाने के लिए निकला था। जैसे ही बिहार के जोभी में पहुंचा तभी नींद की झपकी आने से सामने जा रहे ट्रक के पीछे टकरा गया। दुर्घटना में शिव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवा ठेकेदार ने लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** शहर के एक युवा ठेकेदार ने घर में फांसी लगा लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। नमनाकला निवासी राजेश सिंह आ. स्व. देवनारायण सिंह ( 45 वर्ष) ठेकेदारी का काम करता था। आज सुबह अपने कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन युवक को फांसी से उतार कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि राजेश बीती रात बेटी के साथ कमरे में सो रहा था। हर राज तड़के ही घूमने जाता था। आज सुबह भी तड़के घूमने चले जाने की आशंका पर पत्नी बबीता बच्चों को तैयार करने लगी। कुछ समय बाद कमरे में गई तो देखा पति फांसी में लटका हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतक कोविड़ काल से काम सही से नहीं चलने से परेशान था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## जिले में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस समारोह

# सरगुजा में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते गृहमंत्री व अन्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को सरगुजा में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जिलेभर में स्कूल, कॉलेज, मदरसों व शासकीय संस्थानों के साथ ही विभिन्न स्थानों पर धूम धाम से तिरंगा झंडा फहराया गया। संभाग मुख्यालय में मुख्य समारोह शहर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजत किया गया जहां प्रदेश के डिप्टी सीएम व गृह मंत्री विजय शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली।

**खास बात**
- बेहतर कार्य करने वाले हुए सम्मानित

राष्ट्रगान के गायन के पश्चात डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने कलेक्टर अजीत वसंत और एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल के साथ परेड का निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। इसके बाद तिरंगे के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। तत्पश्चात परेड में शामिल सशस्त्र टुकडियों द्वारा हर्षफायर कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी और राष्ट्रपति का जय घोष किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड इन कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्रीमती तृप्ति सिंह राजपूत, सेकेण्ड परेड इन कमाण्ड उप निरीक्षक सुश्री सुनीता भारद्वाज के नेतृत्व में 14 टुकड़ियों के द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। इस दौरान दलों ने देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया और मंच के सम्मुख पहुंच राष्ट्रीय ध्वज और मुख्य अतिथि को पूरे जोश और उत्साह से सलामी दी। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न विभागों की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों एवं कार्यस्थल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 83 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर उपमुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। वही डिप्टी सीएम ने शहीद हुए जवानों के परिजन को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी सहित नागरिक उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें एकलव्य आवासीय विद्यालय रिखी द्वारा देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य, जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा भारतवर्ष की विभिन्न नृत्य शैलियों पर सामूहिक नृत्य, हॉली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी (हिन्दी माध्यम) द्वारा झांसी की रानी थीम आधारित सामूहिक नृत्य , शासकीय कन्या शिक्षा परिसर द्वारा बालिका सशक्तिकरण, ओरिएंटल पब्लिक स्कूल द्वारा माटी मानुष देश का गौरव, कार्मेल स्कूल द्वारा देश की वीरांगनाएं, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लुण्ड्रा द्वारा साक्षर सरगुजा पर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान फिट कॉप फिट सिटी, जुम्बा व्यायाम की प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को फिटनेस के प्रति अवेयर किया गया।



## गणतंत्र दिवस पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने फहराया तिरंगा झंडा

**बलरामपुर।** 77 वां गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित हुआ। मुख्य समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही राष्ट्रगान एवं वन्दे मातरम का गायन किया गया। वहीं उन्होंने कलेक्टर राजेन्द्र कटारा और एसपी वैभव बेंकर के साथ परेड का निरीक्षण किया, इसके पश्चात मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया।

- परेड की सलामी लेने के साथ ही किया सीएम के संदेश वाचन

मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। तत्पश्चात परेड में शामिल पुलिस बल, नगर सेना की सशस्त्र टुकडियां द्वारा हर्षफायर कर राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी गयी और राष्ट्रपति का जय घोष किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन व परेड टू आईसी हिम्मत सिंह शेखावत के नेतृत्व में टुकड़ियों ने देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया और मंच के सम्मुख पहुंच राष्ट्रीय ध्वज और मुख्य अतिथि को पूरे जोश और उत्साह से सलामी दी। परेड के बाद मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें छत्तीसगढ़ की गौरव गाथा की झलक देखने को मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय कन्या उमावि बलरामपुर द्वारा पीटी, पीएमश्री एकलव्य आदर्श विद्यालय भेलवाडीह, शासकीय पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय भेलवाडीह, संत जोसेफ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रीडीह, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय वाड्रफनगर एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुसमी के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीतों पर ओत-प्रोत कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। उर्सुलाइन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झींगों के द्वार छत्तीसगढ़ के गौरव गाथा को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही समारोह थीम आधारित झांकियों ने बदलते बलरामपुर की तस्वीर प्रस्तुत की। झांकियों में आधुनिक और समावेशी विकास यात्रा को दर्शाया गया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट की उत्कृष्ट प्रस्तुति पर सीनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 12वीं वाहिनी रामानुजगंज को प्रथम, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 4थीं वाहिनी डी कम्पनी एवं 10वीं वाहिनी डी कम्पनी को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल पुरूष को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय कैडर कोर (एनसीसी) शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर को प्रथम स्थान, एनएसएस शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर को द्वितीय स्थान तथा संत जोसेफ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शासकीय पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय भेलवाड़ीह को प्रथम स्थान, उर्सुलाइन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंगों को द्वितीय स्थान एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय वाड्रफनगर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विभागीय झांकियों में आदिवासी विकास विभाग को प्रथम स्थान, कृषि विभाग को द्वितीय तथा उद्यान विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में जिले में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के 67 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती हिरामुनि निकुंज, उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव, डीएफओ बलरामपुर आलोक बाजपेयी, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जनपद अध्यक्ष बलरामपुर सुश्री सुमित्रा चेरवा, रेड क्रास सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, अपर कलेक्टर आरएस लाल, अभिषेक गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में शालेय छात्र-छात्राएं तथा आमजन उपस्थित रहे।



## ध्वज फहरा कर सांसद चिंतामणी महाराज ने जिलेवासियों को किया संबोधित

**सूरजपुर।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणी महाराज द्वारा ध्वज फहया गया। इसके पश्चात परेड की सलामी लेकर मुख्य अतिथि ने जिले वासियों के लिए मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम स्थल पर शॉल व श्रीफल देकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीद के परिवारों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि चिंतामणी महाराज द्वारा ठीक सुबह 9 बजे ध्वज फहरा। इसके पश्चात परेड की सलामी ली गई। मुख्य अतिथि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आम जनता के नाम के संदेश का वाचन किया व साथ ही एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस समारोह में राष्ट्रगान की धुन पर जिला पुलिस बल द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड की टुकड़ियों द्वारा सधे हुए और कदम-ताल मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। परेड में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल पुरुष, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, नगर सैनिक बल पुरूष, नगर सैनिक बल महिला, एनसीसी बालक, स्काउड गाईड बालक एवं बालिका, एनएसएस शामिल थे। इसके पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न थीम पर छत्तीसगढ़ की प्रगति पर आधारित आकर्षक झांकी भी निकाली गई। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति भी की गई। साथ ही विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर एस जयवर्धन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले व अन्य जनप्रतिनिधि और जिला व पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र छात्राएं, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में जिले के निवासी उपस्थित थे।

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



## संतोषजनक जवाब न मिलने पर बैकुंठपुर स्टेशन प्रबंधक को किया बुकअप

# रेल दोहरीकरण कार्य का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

उदलकछार-सूरजपुर रेलखंड में चल रहे रेल दोहरीकरण कार्य के प्रथम चरण के अंतर्गत सूरजपुर-बैकुंठपुर के बीच जारी डबल लाइन निर्माण कार्य का मंगलवार को रेल महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक विशेष सैलून से यात्रा करते हुए सर्वप्रथम बिजुरी स्टेशन पहुंचे,जहां उन्होंने स्टेशन यार्ड,प्लेटफार्म एवं संपूर्ण परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए,इसके पश्चात उन्होंने इस मार्ग के अन्य प्रमुख स्टेशनों बैकुंठपुर,शिवप्रसाद नगर,कटोरा एवं सूरजपुर का भी निरीक्षण किया और विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। निरीक्षण



के दौरान महाप्रबंधक ने सूरजपुर–बैकुंठपुर रेल लाइन दोहरीकरण कार्य का जायजा लेते हुए निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैकुंठपुर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा स्टेशन प्रबंधक जे.के.जेना से स्टेशन वर्किंग रूल से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका संतोषजनक उत्तर न मिल पाने पर महाप्रबंधक नाराज हो गए,इस पर उन्होंने स्टेशन प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाते हुए बिलासपुर मुख्यालय के लिए बुकअप कर दिया। गणतंत्र दिवस के ठीक अगले दिन हुए इस औचक निरीक्षण से पूरे रेल सेक्शन में हड़कंप मच गया।

महाप्रबंधक के अचानक पहुंचने से अधिकारी और कर्मचारी दिनभर सतर्क और असहज नजर आए। सूरजपुर स्टेशन के निरीक्षण तक शाम हो जाने के कारण महाप्रबंधक ने आगे की यात्रा निरस्त करते हुए मुख्यालय वापसी की।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 29 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

# 26 JANUARY गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं 26 JANUARY








































समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें...
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री
महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण
छ.ग. शासन
प्रवीण गुर्जर | सत्यनारायण सिंह | लवकेश पैकरा | राजेश तिवारी | राकेश पाण्डेय

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
धरम सिंह
सरपंच
श्रीमती रम्भा सिंह
रोजगार सहायक
जुगेश्वर प्रसाद
सचिव
रोजगार सहायक एवं समस्त ग्रामवासी, ग्रा.पं.लांजित

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
जवाहर मार्को
सरपंच
रविप्रसाद
सचिव
समस्त ग्रामवासी, ग्रा.पं. केसर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
पार्वती आयाम
सरपंच
सुरदयाल सिंह
सचिव
राजेश सिंह
रोजगार सहायक
समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी, ग्रा.पं. चपदा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
मुकदेव
सरपंच
सुकूल प्रसाद
रोजगार सहायक
पन्नालाल सिंह
सचिव
एवं समस्त ग्रामवासी, ग्रा.पं. पालकेवरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
मोहर सिंह सरूता
सरपंच
शिवकुमार सिंह
रोजगार सहायक
विजेन्द्र जायसवाल
रोजगार सहायक
समस्त ग्रामवासी, ग्रा.पं. घुईडीह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
नारायण सिंह
सरपंच
विजेन्द्र जायसवाल
सचिव
सुभाष सिंह मरकाम
रोजगार सहायक
समस्त ग्रामवासी, ग्रा.पं. छतरंग

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
कमलेश्वर लहरे
अधीक्षक
प्री मेट्रिक बालक छात्रावास, धरसेड़ी वि.ख.ओड़गी

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
विभू प्रताप सिंह
प्रबंधक
कृष्णा रजवाड़े
ऑपरेटर
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति समस्त स्टाफ वि.ख. ओड़गी

समस्त क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
विनीता नगेशिया
सरपंच
पारस कुजूर
सचिव
तारा यादव
रोजगार सहायक
एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम पं.धूर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
रामप्रसाद
सचिव
दशरथ राम
रोजगार सहायक
सचिव एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम पं.कैलाशनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
श्रीमती इन्द्रमणी पैकरा
अध्यक्ष
सुधा तिवारी
उपाध्यक्ष
नीलेश सोनी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ओड़गी
जिला - सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
श्रीमती अनुपा तिर्की
अधिक्षिका
पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास
वि.ख. ओड़गी, जिला सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
रामसकल सिंह
सरपंच
प्रेमशंकर सिंह
सचिव
एवं समस्त ग्रामवासी ग्रा.पं. खोड़

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
मेवालाल
वन परिक्षेत्र अधिकारी
ओड़गी,बिहारपुर
एवं समस्त स्टाफ, वन परिक्षेत्र कुदरगढ़, ओड़गी

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
श्री सुबरतानी मिंज
अधीक्षक
कस्तुरबा गांधी आवासीय छात्रावास, ओड़गी

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
जैल सिंह
प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास, ओड़गी

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
श्री प्रदीप कुमार सिंह
विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
श्री नरेन्द्र दुबे
बी.आर.सी.
कार्यालय वि.ख. शिक्षा अधिकारी, ओड़गी

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
जागेश्वर साहू - परियोजना अधिकारी
अनिल कुमार बेक - सहायक ग्रेड-02
महिला एवं बाल विकास परियोजना
ओड़गी, जिला - सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
बंटी बैरागी
बी.एम.ओ.
एस.आर. आयाम
बी.पी.एम.
अविनाश सिंह
लेखापाल
एवं समस्त स्टाफगण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओड़गी

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
श्री गुलाब सिंह
अधीक्षक
बालक छात्रावास खोड़, ओड़गी

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
बासमती खैरवार
सरपंच
विजेन्द्र यादव
रोजगार सहायक
जगदीश
सचिव
समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी, ग्रा.पं. मोहरसोप

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
रेखा टोप्पो
अधीक्षक
कन्या छात्रावास खोड़

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
पुनिता सिंह
अधीक्षक
कन्या छात्रावास खोड़

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
सतीष राठिया
सहायक कृषि विस्तार अधिकारी
ओड़गी, जिला - सूरजपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
लक्ष्मनिया पैकरा
सरपंच
अनुज कुशवाहा
रोजगार सहायक
घनश्याम साहू
सचिव
एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत पकनी, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
संकलनकर्ता
राकेश पाण्डेय
हरिभूमि प्रतिनिधि, ओड़गी

श्री आई.बी. तिवारी को
दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज का संभाग अध्यक्ष बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



श्री आई.बी.तिवारी
संभाग अध्यक्ष
दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज



विष्णु प्रताप अग्रवाल, भू.पू. अध्यक्ष
रामचंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष
कृष्ण अकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष
अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष
रमेन्द्र कुमार सिंह, सचिव
महेन्द्र सिंह बग्गा, संरक्षक
ताराचंद गुप्ता
मोहन लाल अग्रवाल, संरक्षक
राम औतार अग्रवाल, संरक्षक
रफीक खान
सुरेन्द्र अग्रवाल
राजकुमार
रविन्द्र सिंह टुटेजा
प्रेमशंकर द्विवेदी, मीडिया प्रभारी
भीमसेन अग्रवाल
भरत सोनी
राजकुमार अग्रवाल
शुभेच्छु
सीनियर सिटीजन फोरम फॉर सिविल राइट्स अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...



अखिलेश प्रताप सिंह
जिला सदस्य, जिला सूरजपुर

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...



श्रीमती विधात्रि सिंह
जिला सदस्य, जिला सूरजपुर

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...



विनय गुप्ता CEO
जनपद अधिकारी भैयाथान, जिला - सूरजपुर

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...



सुनील साहू
जिला सदस्य, जिला सूरजपुर

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रकाश इण्डस्ट्रीज
भास्करपारा कोल माईंस
आवासीय परिसर केवरा भैयाथान
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
राकेश सिंह
जिला सदस्य, जिला सूरजपुर

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...



राजीव प्रताप सिंह
जिला सदस्य, जिला सूरजपुर

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...



फूलसाय मरावी
जिला सदस्य, जिला सूरजपुर



गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
रमन अग्रवाल
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रा.गंज.

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेश ज्वेलर्स
राजेश सोनी
गांधीचौक, रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्राधिकारी
एवं स्टाफ
वन परिक्षेत्र, रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.सेंगर
पशु चिकित्सा अधिकारी
रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
तहसील कार्या.
अधिकारी एवं स्टाफ
रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
एवं स्टाफ रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
लोक स्वास्थ्य विभाग
रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
ग्रामीण यांत्रिकी
सेवा विभाग के अधिकारी
एवं कर्मचारी

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
डाहरिया जी
जल संसाधन विभाग

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
अनुपम पाण्डेय
उपयंत्री, रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
लोक निर्माण विभाग
रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जिला जेल अधिकारी
एवं स्टाफ रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
महिला बाल विकास अधिकारी
एवं स्टाफ रामानुजगंज

## खबर संक्षेप

### किसान सेवा समिति के विजय अध्यक्ष मनोनीत



**सोनहत।** मुख्यालय स्तर पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत 25 जनवरी को बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में विभिन्न ग्रामों से आए किसानों की उपस्थिति में किसान सेवा समिति का गठन किया गया। इस दौरान किसानों ने गहन विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चयन किया। गठन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए विजय गुरूजी, उपाध्यक्ष पद के लिए वंश जीवन निवासी सलगवां कला, सचिव पद के लिए हरि गुरुजी, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रेमशंकर राजवाड़े तथा महामंत्री पद के लिए निर्मल जायसवाल को मनोनीत किया गया। चयन की घोषणा होते ही उपस्थित किसानों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। समिति गठन के पश्चात पदाधिकारियों द्वारा किसानों को आश्वस्त किया गया कि कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए प्राथमिकता के साथ पहल की जाएगी तथा किसानों के हित में सतत प्रयास किए जाएंगे।

### पीएम श्रम योगी मानधन योजना के तहत शिविर



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश व मार्गदर्शन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 92 लघु व्यापारियों, स्वरोजगारियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य व जिला श्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के पश्चात 3,000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। योजना का मुख्य उद्देश्य लघु व्यापारियों, स्वरोजगारियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना में शामिल होने के लिए श्रमिकों को अपनी आयु के अनुसार मासिक अंशदान करना होता है, जिसका समान अंशदान केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। कलेक्टर ने संबंधित हितग्राहियों से कहा कि इस योजना के बारे में अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी अवगत कराएं ताकि योजनाओं का लाभ ले सकें। श्रम पदाधिकारी सुश्री तनुजा मांझी ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए श्रम पदाधिकारी कार्यालय, बैकुंठपुर अथवा लोक सेवा केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

### नागपुर में मना 77 वां गणतंत्र दिवस



**नागपुर।** हमारे देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नागपुर के प्रांगण में पूरे शान-ओ-शौकत के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गइं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख प्राचार्य संतोष कुमार महादेवा द्वारा भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रीय गान जन-गण-मन गाया गया और अमर शहीदों के जयकारे लगाए गए। बैंड-बाजे की धुन पर राष्ट गीत गाते हुए छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई, जो एजो नगर के मुख्य चौक से होकर पुनः स्कूल प्रांगण में संपन्न हुई। स्कूल प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस से संबंधित भाषण, नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह को शाला विकास समिति अध्यक्ष मनोज शुक्ला, जमुना पांडे, श्याम बिहारी जय सवाल, जनपद सदस्य शाहनवाज अली एवं सरपंच ललन सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती शाहीन इराकी ने किया। इसी क्रम में नागपुर नगर के मुख्य चौक पर एमसीबी जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू द्वारा राष्टध्वज फहराया गया। वहीं नेशनल हाईवे स्थित नवीन पुलिस चौकी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुर्वेदिक अस्पताल, ग्रामीण बैंक, मिडिल व प्राइमरी स्कूल तथा पेट्रोल पंप सहित विभिन्न संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### बैंकिंग सेवाएं प्रभावित, दूर-दराज से आए हितग्राही लौटे

# राष्ट्रीयकृत बैंक कर्मचारियों की हड़ताल, लेन-देन ठप







हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले सहित पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर हड़ताल किए जाने से बैंकिंग व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

हड़ताल के कारण बैंकों में लेन-देन का कार्य ठप रहा। शहर के एसईसीएल कॉलोनी में संचालित एसबीआई, पीएनबी, यूको बैंक, सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सहित अन्य बैंकों में विशेषकर दूर-दराज ग्रामीण अंचल से आए हितग्राही बैंक बंद मिलने पर निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हुए। बुजुर्गों, किसानों, पेंशनधारकों और महिला खाताधारकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग जरूरी भुगतान, नकद निकासी और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए भटकते नजर आए। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, समय-समय आंदोलन जारी रहेगा। बैंक अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर 27 जनवरी को काम बंद कलम बंद हड़ताल की। इसके चलते बैंक उपभोक्ताओ को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके पूर्व बैंक शनिवार लगातार बंद रहे और पॉचवे दिन अपनी मांगों को लेकर बैंक कर्मी हड़ताल पर रहे। इसके चलते कई दिनों से बैंकिंग सेवाएं बाधित रही।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बैंक कर्मियों ने सप्ताह में 5 दिन बैंकिंग कार्य करने का निर्णय हुआ है, लेकिन उसे लागू नहीं किया गया।

#### चार दिनों तक बैंक बंद रहा

बैंक कर्मियों का 27 जनवरी को एक दिवस का अपनी मांगों को लेकर हड़ताल में रहे, लेकिन इसके पूर्व शनिवार से सोमवार तक लगातार तीन दिन बैंक बंद रहा और चौथे दिन हड़ताल के कारण बैंक के पट बंद रहे। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को माह का चौथ शनिवार, दूसरे दिन रविवार तथा तीसरे दिन गणतंत्र दिवस का अवकाश रहा, लेकिन इसके दूसरे दिन बैंक कर्मियों की अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। इस तरह एक दिन के हड़ताल के साथ चार दिनों तक लगातार बैंक बंद रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं को परेशानी हुई।

# प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में युवती से छेड़छाड़, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास एक युवती के साथ छेड़छाड़ की शर्मनाक घटना सामने आई, इसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। यह घटना शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए है। शहर में मनचलों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

शहर में राह चलते किसी महिला युवती से छेड़छाड़ करने से मनचले बाज नहीं आते हैं। कई बार युवतियां छिंटाकसी को नजर अंदाज कर देते हैं, इसके चलते मनचलों के हौसले और बढ़ते जाते हैं। बीते दिनो शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप मुख्य मार्ग पर एक युवती से एक व्यक्ति ने छेड़छाड़ की तो युवती ने इसका विरोध किया और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में भी पोस्ट कर ऐसे मनचलों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार पीड़ति युवती द्वारा थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई। मिली जानकारी के अनुसार एक पीड़ति युवती ने शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग किनारे एक वाहन में बैठे अरशत नामक व्यक्ति पर छेÞडछाड़ का आरोप लगाया और उस व्यक्ति का वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपी वाहन चालक गाड़ी स्टार्ट पर मौके से फरार हो गया। पीड़ति ने सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस को मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी की पहचान कर कार्रवई करने की जरूरत है ताकि शहर क्षेत्र में ऐसी कोई घटना दुबारा घटित न हो।



#### निजी वाहन चालक करते हैं छेड़खानी

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग किनारे दर्जनों की संख्या में निजी वाहन किराए पर चलने के लिए दिनभर खड़ी रहती है। मुख्य सड़क से बिल्कुट निकट कई निजी वाहन खड़ी रहती है, जिनके चालकों के द्वारा राह चलती युवतियों पर फब्तियां कसते हैं। इस तरह की शिकायत अक्सर सुनाई देती हैं, लेकिन अधिकांश युवतियां उक्त जगह पर खड़ी निजी चालकों के ऐसी हरकत को नजर अंदाज कर चलते बनती हैं, लेकिन बीते दिनों एक पीड़ति ने इस तरह की घटना न सिर्फ विरोध किया बल्कि आरोपी का वीडियो बनाना भी शुरू कर दिया तो आरोपी चेहरा छिपाकर भाग निकला।

#### तीसरी आंख बंद और सुरक्षा का अभाव

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास सभी ओर पर्याप्त सीसीटीव्ही कैमरे नहीं लगे हैं और कुछ जगह पर लगे भी हैं तो वह महीनों से बंद पड़ा हैं, जिसके सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। वहीं प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में पुलिस सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां महिलाओं की सुरक्षा भगवान भरोसे रहती है। उल्लेखनीय है कि प्रतीक्षा बस स्टैंड से प्रतिदिन काफी संख्या में युवतियां एवं छात्राएं बस से आना जाना करते हैं, वहीं रात्रि के समय भी अकेले बस पकड़ने आती हैं जो प्रतीक्षालय के साथ बस स्टैंड परिसर में रहते हैं, जिनकी सुरक्षा भगवान भरोसे रहती है।

### सुंदरपुर के विद्यार्थियों की रही शानदार प्रस्तुति



**बैकुण्ठपुर।** गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर सोनहत जनपद क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर के छात्र-छात्राओं ने काफी संख्या में दीप प्रज्जवलित कर भारत का नक्शा बनाया जो आकर्षण का केन्द्र रहा।

### रोजगार सहायक नौकरी से बर्खास्त

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत एक सरकारी स्कूल परिसर में मयार्दा को तार-तार करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में रोजगार सहायक जिंदरसाय सोनवानी को सार्वजनिक स्थान पर नोट उड़ाते हुए देखा गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत सोनहत द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-03 के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है, जो एक लोक सेवक के आचरण के सर्वथा विपरीत है और इससे शासन की छवि धूमिल हुई है। प्रशासन द्वारा पहले संबंधित रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन प्राप्त जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर छग सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत तत्काल प्रभाव से उन्हें पद से पृथक कर दिया गया।

## खंड स्तर पर उल्लास मेला, नवसाक्षरों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया के मार्गदर्शन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकासखंड सोनहत के प्रत्येक ग्राम में उल्लास मेला का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

26 जनवरी को आयोजित उल्लास मेले का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों को सशक्त बनाना रहा। यह कार्यक्रम उन नागरिकों के लिए है, जिन्होंने औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है, ताकि वे बुनियादी साक्षरता, शिक्षा एवं जीविकोपार्जन से जुड़ सकें। साक्षरता न केवल व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक एवं आजीवन शिक्षा के अवसर भी प्रदान करती है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया के निर्देशानुसार सोनहत विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों में उल्लास मेला हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले में ग्रामों के नवसाक्षर, परीक्षा महाअभियान में सफल शिक्षार्थी एवं आमजन काफी संख्या में शामिल हुए। नवसाक्षरों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विभिन्न स्टॉलों में अपने ज्ञान का आकलन करते नजर आए।




**अनुभव से सीखने का अवसर:** उल्लास मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से संख्यात्मक ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल, व्यवहारिक शिक्षा एवं दैनिक उपयोग से जुड़ी जानकारियां वयस्क शिक्षार्थियों को प्रदान की गइं। मेले में ज्ञान के साथ मनोरंजन का भी समावेश देखने को मिला। मेले के दौरान रिंग फेंकों एवं अक्षर पहचान जैसे खेल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। इसके अलावा जोड़ मशीन भी उपस्थितजन के बीच काफी लोकप्रिय रही, जिसका बच्चों एवं नवसाक्षरों ने भरपूर आनंद लिया।

### मवेशी तस्करी : छह आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मवेशियों को चार पहिया वाहनों में लोड़कर झारखंड तस्करी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग भैरोपुर थानपारा में अशोक लीलेंड वाहन में चार मवेशियों को लोड कर बूचड़ खाना ले जाने की तैयारी कर रहे है। पुलिस ने आरोपियों को का पीछा कर उन्हें पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने मामले में सनावल बोदरापारा निवासी रमेश कुमार मरकाम, रामचंद्रपुर रेवतीपुर निवासी अशोक कुमार मानिकपुरी, बसंतपुर सियाही मोड़ निवासी विकास कुमार मानिकपुरी, सनावल बोदरापारा निवासी अजय शांडिल्य, शंकरगढ़ भैरोपुर निवासी विष्णु भास्कर , सनावल निवासी सुरेश कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला एवं समीपवर्ती क्षेत्रों के लिए मानक शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में 26 जनवरी को देश का 77 वां गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय एवं अत्यंत हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।



इस वर्ष के राष्ट्रीय थीम वंदे मातरम के 150 वर्ष की अनुगूंज पूरे कार्यक्रम में अनुभव की गई, मानो विद्यालय प्रांगण स्वतंत्रता गाथा और राष्ट भक्ति के एक जीवंत मंच में परिवर्तित हो गया हो। प्रातःकालीन स्वर्णिम धूप के साथ ही संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद्र सिंह, निदेशक व्यंकटेश सिंह, निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह, प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं स्वच्छ एवं सुसज्जित परिधान में प्रांगण में एकत्र हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं समवेत स्वर में राष्टगान के गायन से हुआ, इसके पश्चात समूचा वातावरण देशभक्ति की पवित्र भावना से आप्लावित हो उठा। ध्वजारोहण के साथ ही विद्यार्थियों की टुकड़ियों ने अनुशासित कदमताल के साथ मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया, जिसमें हाउसवार दलों की सुगठित पंक्तियां भारत की एकता, अनुशासन और संगठनशीलता का सजीव प्रतीक बन गइं। इस शानदार प्रदर्शन के पश्चात कक्षा पांचवी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने गीत वंदे- मातरम की सुमधुर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात कक्षा चौथी के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य देश रंगीला की प्रस्तुति दी। इसी क्रम में कक्षा चौथी के छात्र रिधम अग्रवाल तथा बर्बरीक चौहान ने अंग्रेजी तथा हिंदी में गणतंत्र दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया।

### न्यू लाईफ नर्सिंग में मनाया गया गणतंत्र दिवस

बैकुण्ठपुर। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती, भारत माता एवं देश के राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित से हुआ। संस्था में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों एवं स्टॉफ की उपस्थिति में संस्था प्रमुख डॉ. प्रिंस जायसवाल एवं श्रीमती वंदना जायसवाल के द्वारा ध्वजारोहण कर समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्र गान, झंडा गीत एवं छग राज्यकीय गीत गाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप, अशोक सिंह, अजय ठाकुर, जुही खातून अतिथिगण के रूप में सम्मिलित हुए।

## राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मना गणतंत्र दिवस

**बैकुण्ठपुर।** राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 26 जनवरी को भारत का 77 वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अपनाया और एक आत्मनिर्भर, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष तथा लोकतांत्रिक गणराज्य बना। यह दिन भारतीय संविधान के लागू होने की याद दिलाता है और हमें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है।

इस पावन अवसर पर संस्थान परिसर को तिरंगे झंडों, रंग-बिरंगे गुब्बारों और देशभक्ति से ओत-प्रोत सजावट से सुशोभित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः ध्वजारोहण से हुई, जिसे इंस्टिट्यूट के संचालक द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थित शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गान गाकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों के मन में देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इसके बाद प्राचार्या ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की मजबूती और नर्सिंग जैसे सेवा-प्रधान पेशे में अनुशासन, समर्पण एवं नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक और संवेदनशील स्वास्थ्यकर्मी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, भारतीय एकता और अखंडता को सुंदर ढंग से दशार्या। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की सेवा, संविधान के सम्मान और मानवता की सेवा का संकल्प लिया।



### शासन की विभिन्न योजनाओं व लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई

# राशन, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं, जनसमस्याओं तथा लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राशन, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं, इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि आम जनता को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में नामांतरण, बंटांकन, सीमांकन एवं नकल से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन कार्यों के लिए नागरिकों को भटकना नहीं चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा धान खरीदी प्रक्रिया महज तीन-चार दिन शेष हैं, ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क व अन्य निर्माण एजेंसी विभागों से कहा कि प्रगतिरत कार्यो को समय पर पूरा करें। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा घरों में इन योजनाओं का लाभ दिलाने में जिम्मेदारी से कार्य करें।

बैठक में समय-सीमा के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय पर त्वरित गति से करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, डीडी मंडावी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




समय-सीमा की बैठक लेतीं कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

### कोरिया कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य, गरिमामय एवं राभक्ति से ओत-प्रोत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी रहीं, जिन्होंने विधिवत राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से राष्ट्र गान किया। ध्वजारोहण उपरांत कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने राष्ट पिता महात्मा गांधी के छायाचित्र एवं कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित छग महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा उनके आदर्शों को नमन किया। इस दौरान पूरा परिसर भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा और वातावरण पूर्णतः राष्ट्र मय हो गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए संविधान के आदर्शों, मूल्यों और कर्तव्यों को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें लोकतंत्र की मजबूती के लिए ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन की सफलता तभी सार्थक है, जब शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।



# गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




































## खबर संक्षेप



### शिवकुमार टोप्पो को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**अम्बिकापुर।** ग्राम अजिरमा में राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर पदस्थ शिवकुमार टोप्पो को संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। समाजशास्त्र विषय अंतर्गत उन्होंने यह उपाधि ग्रामीणों के सामाजिक-आर्थिक स्वावलंबन में नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के योगदान के अध्ययन जिले के तीन ब्लॉक पर आधारित एक समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर सफलतापूर्वक शोध प्रस्तुत कर प्राप्त की है। यह शोध कार्य डॉ. प्रतिभा सिंह प्राध्यापक समाजशास्त्र के निर्देशन में पूरा किया गया। मौखिक परीक्षा के उपरांत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में शिवकुमार टोप्पो के शोध कार्य को स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

### यूजीसी एक्ट बिल शिक्षा पर हमला, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : हिमांशु

**अंबिकापुर।** युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने यूजीसी एक्ट बिल को लेकर कहा कि यह बिल देश की शिक्षा



व्यवस्था को सुधारने का नहीं, बल्कि उसे आरएसएस-बीजेपी के एजेंडे में जकड़ने का बिल है। यह बिल शिक्षा पर तानाशाही थोपने और राज्यों से उनके संवैधानिक अधिकार छीनने की साजिश है। इस बिल के लागू होने सेविश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी, राज्य सरकारें शिक्षा नीति में बेबस दर्शक बन जाएंगी, शिक्षकों और छात्रों की आवाज़ दबाई जाएगी, शिक्षा को ज्ञान नहीं, आज्ञाकारिता का माध्यम बनाया जाएगा। यह बिल एक राष्ट्र, एक विचार थोपने का प्रयास है, जो भारत की संघीय व्यवस्था और विविधता के खिलाफ है। भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही, अब वह शिक्षा को भी अपने राजनीतिक नियंत्रण में लेकर सवाल पूछने वाली पीढ़ी को खामोश करना चाहती है। शराब दुकानों को बढ़ाने में लगी है स्कूल बंद करने वाली सरकार आज इस बिल को लाकर ये साबित कर दिया कि इन्हें छात्रों युवाओं से कोई मतलब नहीं सिर्फ और सिर्फ तानाशाही करने में लगी है। अगर इस बिल को वापस नहीं लिया जाता है हम सब मिलकर इसका विरोध करेंगे क्योंकि हम शिक्षा पर कोई भी तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्रों और शिक्षकों की आवाज़ सड़क से संसद तक उठेगी।

### खरीदी केंद्र में लाया गया 194 बोरी पुराना धान जप्त



**राजपुर।** जिले में अवैध धान खपाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस दौरान जिले में धान के अवैध परिवहन, संग्रहण, उपार्जन केन्द्रों में पुराने व अवैध धान के बिक्री के प्रयास तथा बिचौलिये एवं कोचियों के द्वारा अवैध रूप से धान विक्रय पर कड़ी निगरानी की जा रही है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशानुसार उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया में अनियमितता तथा धान के अवैध विक्रय के प्रयास पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र जिगडी में 2 कृषकों द्वारा 194 बोरी पुराना धान विक्रय हेतु लाया गया था। जिसे तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी द्वारा जांच कर जब्त किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

### आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शंकरगढ़।** आरोपी कृष्णा जायसवाल की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पैकरा के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि यदि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो 30 जनवरी को थाने का घेराव किया जाएगा। आरोपी कृष्णा जायसवाल द्वारा दूसरे किसान के नाम पर अपना धान खपाने का प्रयास किया जा रहा था। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं जनता के विश्वास की रक्षा हेतु आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान जनपद सदस्य विवेक सिंहदेव, सत्यनारायण अग्रवाल, सीमु अग्रवाल, उम्मत रसूल, हीरालाल यादव, राजीव तिर्की, साधिम मरावी, राम सुंदर सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## यूथ इंटक की सूचना पर पहुंची टीम ने किया जब्त

# एक्सपायरी हो चुके धान बीज को समिति में खपाने की चल रही थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में एक्सपायरी धान बीज को समिति में खपाने का मामला सामने आया है। युवा नेताओं की शिकायत पर पहुंची अधिकारियों की टीम ने मौके से लगबघ 3.72 लाख रुपए का धान जब्त किया है। इस धान बीज को 40-40 केजी की बोरी बनाकर सिलफिली समिति में खपाने की योजना थी। फिलहाल अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**खास बात**
- 40-40 केजी की बोरियों में भर रहे थे तस्कर

बताया जा रहा है कि सोमवार की देर शाम सुभाषनगर वार्ड क्रमांक 2 में एक किराए के मकान गोदाम में कुछ लोगों द्वारा पुराने धान बीज के एक्सपायरी हो चुके पैकेट को फाड़कर धान बीज को बोरियों में भरने का काम किया जा रहा था जिसके बाद यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शील, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल पटेल, रेहान अली एवं युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सतीश घोष सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे जहां एक्सपायरी हो चुके धान बीज के पैकेट को काटकर 40-40 केजी की बोरी तैयारी की जा रही थी। ऐसे में उन्होंने मामले की सूचना एसडीएम को दी। सूचना मिलने के बाद एसडीएम के निर्देश पर असिस्टेंट फूड ऑफिसर चित्रकांत ध्रुव के साथ ही राजस्व, मंडी, खाद्य की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने पाया कि यूपी इलाहाबाद की कंपनी के






परिसर में मौजूद एक्सपायरी धान बीज के प्लास्टीक व बोरियों में अवैध धान।

एक्सपायरी हो चुके धान बीज की बोरियां बनाई जा रही थी। इस धान बीज की कीमत महज 5 से 6 सौ रुपए लेकिन तस्करों द्वारा इसे 31 सौ रुपए के हिसाब से खपाने की योजना थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि धान को सिलफिली धान समिति में बेचने की तैयारी थी। मौके से बड़ी संख्या में बोरियां भी बरामद की गई है इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह कारोबार लम्बे समय से चल रहा था और तस्कर बेखौफ होकर एक्सपायरी धान बीज को समितियों में खपाने का काम कर रहे थे। इसके साथ ही यह धान केमिकल कोटेड भी होता है जो सीधे तौर पर हानिकारक हो सकता है।

असिस्टेंट फूड ऑफिसर चित्रकांत ध्रुव ने बताया कि उक्त धान केशव मंडल के यहां से बरामद किया है और धान किसी मुकेश गुहा का है। अधिकारियों ने मौके से 3.72 लाख रुपए का एक्सपायरी धान बीज बरामद किया है।



## ट्रेलर की टक्कर से दो छात्रा घायल, लोगों ने चालक को पकड़ किया पुलिस के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी दो छात्राओं को तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों छात्रा घायल हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है।

जानकारी के अनुसार सेदम कमलेश्वर साहू की बेटी हेमा साहू आज सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार होकर घर के सामने खड़ी थी जबकि वहीं सेदम हाई स्कूल जा रही कक्षा नवमी की छात्रा रितिका साहू आ. जगदीश साहू दोनों सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीटी 2455 का चालक श्रीपटी थाना के चिल्ड निवास सत्यम यादव आ. सूरज यादव (30 वर्ष) लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों छात्राओं को टक्कर मार दी वहीं वाहन में फंस जाने से रितिका साहू 20 मीटर तक घसीटते रही जो छिटक कर दूर जा गिरी। चालक घटना स्थल से ट्रेलर लेकर भागने लगा तो ग्रामीणों ने पीछा कर चालक को मंगारी के समीप पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है। चालक सत्यम ने बताया कि झपकी आने से यह दुर्घटना हुई। ट्रेलर को दिल्ली से रायगढ़ लेकर जा रहा था और घटना के बाद डर से भाग रहा था। इधर घायल छात्राओं को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है।

### सड़क पर उतरे आक्रोशित ग्रामीण

एनएच 43 पर ट्रेलर की टक्कर से दो छात्राओं के घायल होने पर ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और आए दिन हो रही दुर्घटना के विरोध में सड़क पर उतर गए। इधर एनएच 43 पर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी लगते ही सीतापुर एसडीएम राम सिंह ठाकुर, एसडीओपी राजेन्द्र मंडावी, तहसीलदार गोविंद सिन्हा, बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर टीम साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सेदम हाई स्कूल, ईश्वर सोनी के घर पास, बाजार डांड़ पास ब्रेकर बनवाने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

## नाम और पहचान बदलकर युवतियों का किया शोषण, होटल के कमरे में खुला राज

**अंबिकापुर।** सरगुजा में लव जिहाद का मामला सामने आया है। पना नाम और पहचान बदलकर युवक एक हिन्दू युवती का दैहिक शोषण किया इसके साथ ही उसके साथ ठगी की। आरोपी ने फेसबुक में फर्जी आईडी और फर्जी आधारकार्ड बनवाकर सरगुजा में कई लड़कियों का शोषण किया। वहीं एक युवती के साथ उसने पैसों कि ठगी की। होटल के कमरे में रुकने के दौरान आरोपी के बैग से मिले दस्तावेज से उसका भांडा फूट गया जिसके बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ दो अलग अलग मामलों में अपराध दर्ज करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि बिहार के पटना निवासी महफूज नामक व्यक्ति ने अपना नाम फेसबुक एन तरुण पैकरा रख लिया और एक फर्जी आधार कार्ड भी बनवा लिया। फेसबुक



के जरिए उसने पैकरा सरनेम वाली युवतियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। इस दौरान आरोपी ने अंबिकापुर की दो और जशपुर जिले की एक युवती को अपना नाम स्वराज पैकरा बताकर शादी और नौकरी का झांसा दिया। आरोपी ने खुद को बिलासपुर रेलवे में पदस्थ बताया। इस दौरान आरोपियों ने युवतियों का नाजायज फायदा उठाया। वही बताया जा रहा है कि आरोपी महफूज अंबिकापुर पहुंचा और जशपुर जिले के कांसाबेल से उसने एक युवती को मिलने के लिए बुलाया। आरोपी ने युवती से मिलने के लिए एक होटल बुक किया जहां उसे स्वराज पैकरा नाम का फर्जी आईडी भी जमा कराया और युवती के साथ दो दिनों तक होटल में रुका। इस दौरान युवती ने युवक का मोबाइल फोन चेक किया तो उसके फेसबुक आईडी पर कई हिन्दू लड़कियों के मैसेज थे ऐसे में जब युवक होटल से बाहर निकला तो युवती ने उसका बैग चेक कर लिया। बैग में युवक का असली आधार कार्ड भी मिला जिसमें उसका नाम देखकर युवती के होश उड़ गए।

### शिकायत के बाद आरोपी गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि आरोपी का भांडा फूटने के बाद युवती ने अपनी सहेलियों को होटल में बुलाया और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस महफूज को हिरासत में लेकर गांधीनगर थाने गई जहां पुलिस ने युवती की शिकायत पर दो अलग मामलों में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। युवती ने अनुसार आरोपी ने 17 जनवरी को किसी अन्य लकड़ी होटल में रखा था। आरोपी किसी कपड़े के दुकान में काम करता है। लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद हिन्दू संगठनों में भी रोष का माहौल है और उन्होंने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### चल रही है जांच

युवती की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की जांच चल रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

## साप्ताहिक बाजार समीप ब्रेजा कार की टक्कर से तीन ग्रामीण हुए घायल, कई बाइक हुई क्षतिग्रस्त



**बिश्रामपुर।** जमशेदपुर से शहडोल जा रहे मारुति ब्रेजा कार चालक ने साप्ताहिक बाजार जयनगर में कुछ लोगों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी है,दुर्घटना में तीन ग्रामीणों को चोटें लगी हैं,गौरतलब है कि एनएच से सटे ग्राम जयनगर में सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगा था,इसी बीच जमशेदपुर से शहडोल जा रही मारुति ब्रेजा वाहन क्रमांक जेएच 05 ईबी 4321 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एनएच 43 पर जयनगर में सड़क पार कर रहे ग्राम कोरेया आमापारा निवासी 18 वर्षीय आकाश सिंह पिता ननका,ग्राम गणेशपुर निवासी 38 वर्षीय जगदेव यादव पिता मानिक प्रसाद यादव व ग्राम तेलईकछार केनापारा निवासी 35 वर्षीय देवानंद देवांगन पिता संत राम को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी कई बाइक को टक्कर मार दी है,दुर्घटना की सूचना पर जयनगर पुलिस घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाकर दुर्घटनाकारित मारुति ब्रेजा कार को जब्त कर लिया है,दुर्घटना उपरांत यहां पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी।

### गणतंत्र दिवस पर मांस तस्करी करने के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार

गणतंत्र दिवस पर मांस तस्करी होने की सूचना पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुरवां में डेम के पास मृत मवेशी के मांस तस्करी की सूचना मिलते ही दबिश दी गई,यहां पर ग्राम केशवनगर शिवरियापारा निवासी 55 वर्षीय जुगेंद्र सारथी पिता अमर साय, 50 वर्षीय कांति सारथी पति जुगेंद्र सारथी, 45 वर्षीय रघु तिर्की पिता जीवनुश तिर्की, 25 वर्षीय प्रशांत टोप्पो पिता कमीर साय को पकड़कर आरोपियों के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस की कार्यवाही की गई है।



## वाटर पार्क में असामाजिक तत्वों ने जमकर मचाया उत्पात, की मारपीट

**अंबिकापुर।** गणतंत्र दिवस के दिन शहर के वाटर पार्क में युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों के अलग अलग गुट के साथ ही युवतियों ने आपस में जमकर मारपीट की जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। दिनभर चली मारपीट और उत्पात का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि अब पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है। बता दें कि सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर सहित जिलेभर के उद्यान, पर्यटन स्थल गुलजार रहे। बड़ी संख्या में लोगों अपने परिवारों के साथ घूमने फिरने के लिए निकले थे। इस दौरान शहर के वाटर पार्क में भी इस बार लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ वाटर पार्क घूमने के लिए आए थे। इस दौरान वाटर पार्क में अलग अलग गुटों के बीच मारपीट की घटनाएं भी सामने आई। युवकों ने आपस में जमकर मारपीट की। लोगों के पार्क में जमकर उत्पात मचाया जिससे लोग भी दहशत में रहे। वहीं युवकों के साथ ही युवतियों के भी मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। युवतियां आपस में एक दूसरे के साथ मारपीट कर रही है। वाटरपार्क में मारपीट और उत्पात देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने उतपातियों को खदेड़ा और बाइकर्स गैंग के खिलाफ चलानी कार्रवाई की। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मारपीट के मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स गैंग पर कार्रवाई की गई है।



## श्रमिक संगठन के दंपती द्वारा शुरू किए गए आमरण अनशन के आगे नरम हुआ प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला मजदूरों के हक और रोजगार की बहाली को लेकर कोयला मजदूर सभा एचएमएस श्रमिक संगठन द्वारा शुरू किये गये आंदोलन में कुछ हद तक सफलता मिलती दिख रही है,कम्पनी प्रबंधन के अड़ियल रवैये के खिलाफ शुरू हुआ यह संघर्ष 9 जनवरी को धरने से आरंभ हुआ था, जिसकी पूर्व सूचना प्रबंधन को दे दी गई थी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 16 जनवरी से क्रमिक अनशन और 23 जनवरी से आमरण अनशन किया जाएगा,सभा की चेतावनी को गंभीरता से न लेने का खामियाजा प्रबंधन को तब भुगतना पड़ा जब 16 जनवरी से क्रमिक अनशन शुरू हुआ और 23 जनवरी से सभा के महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा धर्मपत्नी श्रीमती सुलेखा मिश्रा के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए,पति-पत्नी द्वारा एक साथ अनशन पर बैठना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया और मजदूरों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। दोनों ने स्पष्ट शब्दों में संकल्प लिया कि जब तक मजदूरों की जायज मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक अनशन समाप्त नहीं किया जाएगा,आंदोलन के तेज होते ही प्रबंधन पर दबाव बढ़ने लगा,बड़ी संख्या में मजदूर, पदाधिकारी और क्षेत्रवासी आंदोलन स्थल पर जुटने लगे,आखिरकार मजदूरों के इस अडिग संकल्प के आगे कम्पनी प्रबंधन को झुकना पड़ा,एचएमएस श्रमिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के बीच मौके पर आकर एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि बलरामपुर खदान को चालू करने के लिए उच्च प्रबंधन स्तर पर सकारात्मक पहल की जा रही है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि खदान को तत्काल शुरू करना संभव नहीं है,जिसके लिए कुछ समय की आवश्यकता होगी,विस्तृत चर्चा के बाद सभा के महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा ने प्रबंधन को तीन माह का समय दिया है, ताकि बलरामपुर खदान को चालू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सके,प्रबंधन द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन के बाद महाप्रबंधक ने स्वयं नारियल पानी पिलाकर देवेंद्र मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुलेखा मिश्रा का अनशन समाप्त करवाया,आंदोलन की समाप्ति की औपचारिक घोषणा केन्द्रीय उपाध्यक्ष हरी यादव ने की,मौके पर कोयला मजदूर सभा के परमजीत सिंह, आरसी जायसवाल,अरविंद सिंह,लखन कुर्रे, सुशील राय, फिरन लाल, नरेन्द्र सिंह चौहान, सूर्यबली, उमेश कुमार सिंह, शिवाकांत मिश्रा, प्रेमचंद सिंह, रमेन्द्र सिंह, मो. इरफान खान, शैलेन्द्र सिंह, रामाशंकर, सहित अन्य उपस्थित थे।

- बंद पड़ी बलरामपुर कुम्दा खदान को पुनः शुरू कराने तीन माह का समय माँगा



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411